— दैनिक समाचार पत्र —

# सुमन पत्रिका

वर्ष: 03 अंक:153 | मूल्य: 2.00 रुपए | शनिवार , 06 जून 2026 | पृष्ठ: 4

### ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री रहे भीलवाड़ा

# प्रदेश में महिलाओं के कल्याण और उत्थान के लिए चलाई विभिन्न योजनाएं:मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा महिला सशक्तीकरण, लखपति दीदी योजना से महिलाएं बनी रही आर्थिक रूप से सक्षम

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सौंपे चैक और स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री का खारी का लाम्बा गांव में रात्रि विश्राम का कार्यक्रम

### प्रात: भ्रमण कर गांव वालों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे संवाद

**भीलवाड़ा/जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी के कल्याण एवं सशक्तीकरण की दिशा में काम कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 के बाद इन सभी वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को भीलवाड़ा के खारी का लाम्बा गांव में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मातृ शक्ति के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान,घर-घर शौचालय निर्माण,उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर, जन-धन योजना के तहत बैंक खाते,हर घर नल से जल जैसे कल्याणकारी कदम उठाए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार होनहार बेटियों को स्कूटी योजना का लाभ दे रही है। इसके लिए सीधे अब उनके खाते में राशि जमा करने का निर्णय लिया है। मा वाउचर योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में मिल रहे 5 रुपये प्रति लीटर अनुदान का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम बन रही हैं। हमारी सरकार ने इस योजना में ऋण सीमा बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये एवं ब्याज घटाकर 1.5 प्रतिशत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिला प्रतिनिधित्व के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसा महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने चौपाल में पुष्पा कंवर और अन्नू को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत चैक सौंपे।इसी प्रकार हंगामी देवी,रघुनाथ को पाइपलाइन योजना एवं हेमेन्द्र सिंह को फार्म पौण्ड योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की तथा अर्चना व लीला को मिनीकिट सौंपे। वहीं, चन्ता देवी जाट को कृषक सहकारी दुर्घटना में 10 लाख रुपये, अमर सिंह को ब्याजमुक्त ऋण के तहत 1.13 लाख रुपये, उमंग सीएलएफ से जुड़ी सोनू कंवर को 20 लाख एवं बजरंग बली समूह को 4 लाख रुपये एवं राजीविका महिला स्वयं सहायता समूह को 1 करोड़ 10 लाख 74 हजार रुपये से अधिक की राशि के चैक सौंपे। उन्होंने प्रभुलाल रैगर एवं अनुराधा नायक को अक्षय पोषण योजना की किट सौंपी।






### मुख्यमंत्री का राजीविका से जुड़ी महिलाओं से संवाद

राजीविका से जुड़ी क्लस्टर कॉर्डिनेटर सोनू कंवर ने कहा कि राजीविका से जुड़ने से पहले मैं घर से निकलने में भी डरती थी, लेकिन अब मैं कई जिलों में जाकर काम कर चुकी हूं।पहले मैं मूलभूत जरूरतों के लिए परिवार पर निर्भर थी,लेकिन आज मैं घर चलाने में बराबर की मदद करती



हूं।मेरी प्रति माह आय 20 से 25 हजार रुपये है और मैंने अपने पति को ट्रेलर लेने में भी मदद की है।

लखपति मास्टर ट्रेनर मोना देवी ने कहा कि राजीविका से जुड़ने से पहले मेरी आर्थिक स्थिति सही नहीं थी। जयपुर में ट्रेनिंग लेकर गांव-गांव में महिलाओं को ट्रेनिंग दी।अब तक मैं 4 हजार से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षण दे चुकी हूं।आज मेरी आय 16-17 हजार रुपये प्रति माह है। पहले मुझे गांव में कोई नहीं जानता था,आज हर कोई लखपति दीदी के नाम से जानता है।

कृषि सखी दिव्या शर्मा ने कहा कि राजीविका से जुड़ने के बाद मैंने ट्रेनिंग ली और गांव की महिलाओं को जैविक खाद से कृषि के फायदे बताते हुए प्रेरित किया।साथ ही,घरों में किचन गार्डन बनाने के लिए भी प्रशिक्षण दिया।इससे आज घरों में लोग ताजा सब्जी खा रहे हैं और दवाओं के दुष्प्रभाव से दूर हैं।डाटा सखी हीना बानो ने कहा कि पहले घर से निकलने में झिझक होती थी और आज मैं गांव-गांव जाकर काम कर रही हूं। मेरी हर महीने आय 10 से 15 हजार रुपये हो रही है, जिससे मैं मेरे बच्चों के खर्चे के लिए किसी पर निर्भर नहीं हूं।समूह से जुड़ी बसंती गुर्जर ने बताया कि राजीविका से जुड़ने से पहले मेरी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। बैंक से लोन लेकर अपने बच्चों को पढ़ाया। मैंने पड़ोस की 10 महिलाओं के साथ मिलकर समूह शुरू किया, आज सैकड़ों महिलाओं को ट्रेनिंग दी है। आज मैं आत्मनिर्भर हूं और बच्चे भी सरकारी नौकरी में हैं।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा,विधायक जब्बर सिंह सांखला,गोपाल लाल शर्मा,उदयलाल भडाना,अशोक कुमार कोठारी,लालाराम बैरवा,गोपीचन्द मीणा,लादुलाल पितलिया अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

### भजनलाल सरकार में सोमनाथ यात्रा का हुआ शुभारंभ: बुजुर्गों की तीर्थाटन की मनोकामना को सरकार कर रही साकार

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व बना सांस्कृतिक चेतना का महापर्व: भजनलाल शर्मा

## एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों की देवदर्शन की अभिलाषा हुई पूरी, भारतीय संस्कृति सदैव अटल,अमिट व अद्वितीय

### मुख्यमंत्री ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी,तीर्थयात्री करेंगे सोमनाथ मंदिर के दर्शन



**जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वृद्धजनों के कल्याण एवं धार्मिक पर्यटन को विकसित करने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।इसी कड़ी में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना बुजुर्गों की तीर्थाटन की मनोकामना को पूरा करने का माध्यम बन रही है।इस योजना के माध्यम से एक लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन की अभिलाषा पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर सोमनाथ यात्रा शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान सर्वोपरि है।प्रत्येक व्यक्ति की यह इच्छा होती है कि जीवन में पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन करे।राज्य सरकार का प्रयास है कि कोई भी वरिष्ठ नागरिक अपनी तीर्थ यात्रा की इच्छा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति अटल, अमिट और अद्वितीय है तथा सोमनाथ मंदिर देश की इसी आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है।इस मंदिर को कई बार तोड़ा और लूटा गया,लेकिन शक्ति,स?वाभिमान के साथ यह पुन:स्थापित हुआ।मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की पहल की है,जो हमारी सांस्कृतिक चेतना का महापर्व है। इसके अन्तर्गत 1 हजार दिनों के लिए विशेष पूजा की जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश के तीर्थयात्रियों को भी इस पुण्य कार्य में शामिल होने का अवसर मिल रहा है।

### तीर्थयात्रा आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का माध्यम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में तीर्थ यात्रा का बड़ा महत्व है।तीर्थाटन केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है,बल्कि आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का भी माध्यम है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश-प्रदेश के नागरिक सनातन संस्कृति के उत?थान के साक्षी बन रहे हैं।अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ काशी विश्वनाथ,महाकाल लोक,केदारनाथ धाम सहित अन्य तीर्थस्थलों का कायाकल्प हुआ है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार प्रदेश के आस्था धामों का प्रतिबद्धता के साथ विकास कर रही है।पुष्कर, खाटूश्यामजी, नाथद्वारा ,केशोरायपाटन सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं आस्था केन्द्रों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत उल्लेखनीय विकास कार्य किए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने सोमनाथ यात्रा का किया शुभारंभ



इस दौरान मुख्यमंत्री ने सोमनाथ यात्रा की ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने ट्रेन में तीर्थ यात्रियों से मुलाकात की और उन्हें मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश के श्रद्धालुओं को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के साथ ही द्वारका एवं नागेश्वर के भी दर्शन करवाए जाएंगे।

इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल,गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम,सांसद मंजू शर्मा,शासन सचिव देवस्थान शुचि त्यागी सहित देवस्थान विभाग एवं रेलवे के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में तीर्थयात्री मौजूद रहे।



### बुजुर्गों के गरिमापूर्ण जीवन और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुजुर्गों के गरिमापूर्ण जीवन और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण पहल की गई है।अस्पतालों में वृद्धजन मरीजों की समुचित देखभाल के लिए रामाश्रय वार्ड स्थापित किए गए हैं। वहीं राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 8 लाख से अधिक पेंशनर्स को लाभान्वित किया है।मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना के माध्यम से 50 लाख से अधिक पेंशनर्स को 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सम?मान राशि सीधे उनके खातों में भी जमा की गई।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में काजल चौधरी का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिकमास में वे अपनी 90 वर्षीय सास को सिर पर टोकरी में बैठाकर चौरासी कोस की ब्रज परिक्रमा करवा रही है,जो 260 किलोमीटर की यात्रा है।उन्होंने कहा कि यह भारतीय संस्कृति के जीवंत संस्कारों का दर्शन है।मुख्यमंत्री ने तीर्थ यात्रियों से आह्वान किया कि वे सोमनाथ यात्रा से लौटने के बाद अपने अनुभव समाज और परिवार के साथ साझा करें तथा आध्यात्मिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में योगदान दें।

इस अवसर पर देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में



देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर इस उपलक्ष्य में प्रदेश में भी कई ऐतिहासिक आयोजन किए गए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी करने के साथ ही एसी ट्रेन की सुविधा शुरू की गई है।

# ग्राम पंचायतों की झोली में 3.41 करोड़: विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार: राज्य वित्त आयोग की राशि जारी, चुनावी माहौल में खर्च व्यवस्था पर भी उठे सवाल

मुमन पत्रिका

**चौथ का बरवाड़ा।** लंबे इंतजार के बाद पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को राज्य वित्त आयोग की लंबित राशि जारी कर दी गई है। पंचायत समिति क्षेत्र की पंचायतों को कुल करीब 3 करोड़ 41 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। राशि जारी होने से अटके विकास कार्यों के जल्द पूरे होने की उम्मीद जगी है। वहीं दूसरी ओर राशि के उपयोग और भुगतान प्रक्रिया को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं।

### विकास कार्यों को मिलेगी नई गति

राज्य वित्त आयोग की राशि लंबे समय से लंबित थी, जिसके चलते कई पंचायतों में सड़क, नाली, पेयजल और अन्य विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। अब राशि जारी होने के बाद पंचायतों में विकास कार्यों को गति मिलने की संभावना है। चुनाव से पहले खर्च को लेकर बढ़ी चर्चाएं पंचायत राज चुनाव नजदीक होने के कारण राशि के उपयोग को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ पंचायतों में राशि को नियमों के विपरीत मनमाने तरीके से खर्च किए जाने की आशंका बनी हुई है। बिना प्रशासक समिति स्वीकृति भुगतान के आरोप जानकारी के अनुसार पंचायत समिति क्षेत्र की कुछ ग्राम पंचायतों में प्रशासक समिति की स्वीकृति के बिना ही बिल भुगतान किए जाने के मामले सामने आते रहे हैं। ऐसे में अब नई राशि के खर्च को लेकर भी पारदर्शिता बनाए रखने की मांग

## ग्राम पंचायतों को मिली राज्य वित्त आयोग की राशि

पंचायत समिति चौथा का बरवाड़ा क्षेत्र की 23 ग्राम पंचायतों को कुल 3 करोड़ 41 लाख रुपए जारी

| क्रमांक | ग्राम पंचायत का नाम | मिली राशि (रुपए में) | क्रमांक | ग्राम पंचायत का नाम | मिली राशि (रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आदलवाड़ा कला | 9,96,318 | 13 | कुस्तला | 18,65,200 |
| 2 | बलरिया | 12,56,227 | 14 | महापुरा | 9,03,889 |
| 3 | भगवतगढ़ | 23,55,300 | 15 | मुई | 15,97,735 |
| 4 | भेहोला | 10,49,962 | 16 | पांचोलास | 13,46,893 |
| 5 | बिजारी | 13,13,145 | 17 | पांवड़ेरा | 11,89,739 |
| 6 | चौथा का बरवाड़ा | 35,35,468 | 18 | रजवाना | 13,70,315 |
| 7 | डेकवा | 11,43,146 | 19 | रवाजना चौड़ | 12,75,619 |
| 8 | डिडायंच | 11,65,309 | 20 | रवाजना डुंगर | 13,83,915 |
| 9 | ईसरदा | 19,11,792 | 21 | सारसौप | 16,53,898 |
| 10 | झोपड़ा | 13,05,590 | 22 | शिवाड़ | 22,52,293 |
| 11 | जौला | 10,05,385 | 23 | टापुर | 12,90,730 |
| 12 | खिजूरी | 9,33,859 | | | |

कुल ग्राम पंचायतें 23

कुल राशि 3,41,14,301 रुपए

सबसे अधिक राशि चौथा का बरवाड़ा 35,35,468 रुपए

सबसे कम राशि महापुरा 9,03,889 रुपए

उठ रही है। चौथ का बरवाड़ा पंचायत को मिली सबसे अधिक राशि राज्य वित्त आयोग से जारी राशि में चौथ का बरवाड़ा ग्राम पंचायत को सबसे अधिक 35 लाख 35 हजार 468 रुपए मिले हैं, जबकि महापुरा ग्राम पंचायत को सबसे कम 9 लाख 3 हजार 889 रुपए की राशि प्राप्त हुई है।

### पंचायतवार जारी राशि

आदलवाड़ा कला - 9 लाख 96 हजार 318 रुपए
बलरिया - 12 लाख 56 हजार 227 रुपए
भगवतगढ़ - 23 लाख 55 हजार 300 रुपए
भेड़ोला - 10 लाख 49 हजार 962 रुपए
बिजारी - 13 लाख 13 हजार 145 रुपए
चौथ का बरवाड़ा - 35 लाख 35 हजार 468 रुपए
डेकवा - 11 लाख 43 हजार 146 रुपए
डिडायच - 11 लाख 65 हजार 309 रुपए
ईसरदा - 19 लाख 11 हजार 792 रुपए
झोपड़ा - 13 लाख 5 हजार 590 रुपए
जौला - 10 लाख 5 हजार 385 रुपए
खिजूरी - 9 लाख 33 हजार 859 रुपए
कुस्तला - 18 लाख 65 हजार 200 रुपए
महापुरा - 9 लाख 3 हजार 889 रुपए
मुई - 15 लाख 97 हजार 735 रुपए
पांचोंलास - 13 लाख 46 हजार 893 रुपए
पांवड़ेरा - 11 लाख 89 हजार 739 रुपए
रजवाना - 13 लाख 70 हजार 315 रुपए
रवाजना चौड़ - 12 लाख 75 हजार 619 रुपए
रवाजना डुंगर - 13 लाख 83 हजार 915 रुपए
सारसोंप - 16 लाख 53 हजार 898 रुपए
शिवाड़ - 22 लाख 52 हजार 293 रुपए
टापुर - 12 लाख 90 हजार 730 रुपए

-सबसे अधिक और सबसे कम राशि- सबसे अधिक राशि: चौथ का बरवाड़ा ग्राम पंचायत को 35 लाख 35 हजार 468 रुपए सबसे कम राशि: महापुरा ग्राम पंचायत को 9 लाख 3 हजार 889 रुपए

## 180 पव्वे अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा

मुमन पत्रिका

सवाई माधोपुर। जिले की बामनवास थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब के 180 पव्वों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।पुलिस सूत्रों के अनुसार थानाधिकारी कैलाश चन्द शर्मा पु.नि. पुलिस थाना बामनवास के नेतृत्व में गोपाल सिंह हैडकानि. मय टीम द्वारा डीएसटी टीम गंगापुर सिटी के सहयोग से खुशीराम पुत्र हीरालाल गुर्जर उम्र 21 साल निवासी ककराला को अवैध शराब के मामले में रिवाली बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से मिले अवैध देशी शराब के 180 पव्वों को जप्त कर किया गया व आरोपी के विरुध आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया।

## रणथम्भौर बाघ परियोजना ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मुमन पत्रिका

सवाई माधोपुर । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रणथम्भौर बाघ परियोजना द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, पौधारोपण तथा प्रकृति भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए गए।मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक रणथम्भौर बाघ परियोजना शारदा प्रताप सिंह तथा उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक प्रथम मानस सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में रणथम्भौर स्कूल ऑफ आर्ट एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, वनों के महत्व एवं प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े रचनात्मक संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार का संदेश दिया गया तथा प्रतिभागियों को इको-फ्रेंडली जूट बैग वितरित किए गए। साथ ही स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन का संकल्प लिया गया।प्रतिभागियों को रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करवाकर वन्यजीवों, प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र एवं वनों के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप वन संरक्षक मानस सिंह ने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने, अधिकाधिक पौधारोपण करने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समन्वयन सहायक वन संरक्षक महेश कुमार शर्मा के निर्देशन में तथा सोशियोलॉजिस्ट ममता साहू द्वारा किया गया। अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेले का आयोजन 8 को

मुमन पत्रिका

सवाई माधोपुर । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठींगला में 8 जून प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जाएगा।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक प्रशिक्षण राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में अप्रेंटिस नियोजन के लिए संस्थान में विभिन्न राजकीय एवं निजी प्रतिष्ठान शामिल होंगे। इन प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का चयन अप्रेंटिस के लिए करेंगे। सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों से विभिन्न व्यवसायों में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेज, फोटो प्रति, आधार कार्ड एवं फोटो पास के साथ संस्थान में अप्रेंटिस मेले का लाभ उठा सकते हैं।

## दो कारों की आमने सामने भिड़ंत, एक व्यक्ति गंभीर घायल

मुमन पत्रिका

वजीरपुर । उपखण्ड क्षेत्र के हिण्डौन गंगापुर सिटी मुख्य मार्ग पर गुरुवार शाम करीब चार बजे पुलिस थाने से 700 मीटर दूर कस्बे की और एक बोलेरो और ब्रेजा कार की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। जिसमें जीवली निवासी राजूलाल पुत्र धारा सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोग तत्काल सहायता के लिए पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को वाहनों से बाहर निकाल कर सीएसी वजीरपुर पहुंचाया सीएसी में चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल राजूलाल की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए गंगापुर सिटी रैफर कर दिया। वहीं दूसरे घायल का उपचार सीएचसी वजीरपुर में किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मुख्य मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणो की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

मुमन पत्रिका

वजीरपुर । उपखण्ड क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी मंडल की संगठनात्मक बैठक गुरुवार को एक निजी विद्यालय में आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष चतुर्भुज गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 बर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाएं जा रहें 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 11 नए सदस्यों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। साथ ही सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष चतुर्भुज गोयल महामंत्री लक्ष्मण सिंह भीम सिंह अशोक शर्मा बदन सिंह रायपुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद महिलाओं को बांटी राशन सामग्री

मुमन पत्रिका

**जयपुर।** सामाजिक संस्था वाइटलकेयर फाउंडेशन की ओर से नेहरू नगर स्थित अत्री पार्क में जरूरतमंद महिलाओं को राशन सामग्री किट वितरित की गई। संस्था द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत एवं सहायता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार सहायता के साथ-साथ राशन, दवाइयां, भोजन और कंबल वितरण जैसे सेवा कार्य लगातार कर रही है। संस्था प्रत्येक माह 5 से 7 बार राशन सामग्री वितरण अभियान चलाती है। कार्यक्रम के दौरान बेरोजगार, वृद्ध एवं शारीरिक रूप से असमर्थ महिलाओं को राशन किट प्रदान की गई। वितरित किट में आटा, चावल, दालें, मसाले, खाद्य तेल, बिस्किट सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल थी। संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाना एवं उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने में सहयोग देना है। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा, शिखा शर्मा, मेघा शर्मा, पूनम राठौड़, शंकर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 116, निफ्टी 49 अंक गिरा

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजार से मिले कमजोर संकेंतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसकी कारण दिन भर कर के कारोबार के बाद 30शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 116.67 अंक नीचे आकर 74243.34 के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 49.85 अंकों की गिरावट के साथ ही 23366.7 के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान एक समय पर सेंसेक्स करीब 355 अंक उछलकर 74,717.57 के स्तर पर पहुंच गया था पर इसके बाद अचानक ही इसमें गिरावट आने लगी। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स के जिन शेयरों में अच्छी खरीदारी रही। वे हैं अडानी पोर्ट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और एमएंडएम। वहीं दूसरी ओर टाटा स्टील, टीसीएस और एचसीएल टेक के शेयरों मे गिरावट रही जबकि निफ्टी के साथ ही मिड और स्मॉलकैप शेयरों में भी बिकवाली हावी रही। इस कारण निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.37 फीसदी नीचे आ गयाजबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.13 फीसदी गिरा।

आज कारोबार के दौरान अधिकतर इंडेक्स लाभ के साथ बंद हुए। आज सबसे ज्यादा खरीदारी निफ्टी मीडिया में रही और यह करीब 3.50 फीसदी तक ऊपर आया। इसके अलावा निफ्टी ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, पीएसयू बैंक, निजी बैंक, रियल्टी, हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए। दूसरी ओर निफ्टी मेटल इंडेक्स करीब 1.50 फीसदी और निफ्टी आईटी करीब एक फीसदी गिरा। बाजार जानकारों के अनुसार ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत को लेकर संशय के बची ही विदेशी निवेशकों के बाजार से दूरी बनाने के अलावा आरबीआई के आर्थिक विकास दर के कम होने और महंगाई बढ़ने की आशंका से भी बाजार गिरा है।

# थिंकटेक इंडिया के सीईओ की गिरफ्तारी के बाद 700 से अधिक कर्मचारी बेरोजगार, वेतन और जमा राशि फंसी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** पुणे स्थित आईटी कंपनी थिंकटेक इंडिया के 700 से अधिक कर्मचारी कथित तौर पर कंपनी के अचानक संचालन बंद कर देने के बाद बेरोजगार हो गए हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, कर्मचारियों को कार्यालयों से बाहर कर दिया गया और वे अब अपने बकाया वेतन तथा जमा की गई राशि वापस पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, पुणे के हिंजेवाड़ी आईटी हब में स्थित थिंकटेक इंडिया के अचानक बंद होने से जुड़े कथित वित्तीय घोटाले और धोखाधड़ी की जांच के तहत पुलिस ने कंपनी के सीईओ हर्षल ठाकरे को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला सबसे पहले 25 वर्षीय एक इंटर्न द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया, जिसके बाद पुलिस ने कंपनी की वित्तीय स्थिति और कारोबारी गतिविधियों की व्यापक जांच शुरू की। अधिकारियों के अनुसार, इसके बाद 30 से अधिक अन्य कर्मचारी और इंटर्न भी पुलिस के




पास पहुंचे और उन्होंने भी इसी तरह की शिकायतें दर्ज कराईं। इन शिकायतों में वेतन न मिलने, स्टाइपेंड रोके जाने और कर्मचारियों से ली गई राशि वापस न करने जैसे आरोप शामिल हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी ने अप्रैल में बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक अपना संचालन बंद कर दिया। कई कर्मचारी जब कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने पाया कि दफ्तर बंद है और कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। जांच एजेंसियों ने इस मामले में कंपनी के ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रमुख और एक मानव संसाधन (एचआर) प्रबंधक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। रिपोर्टों के अनुसार, कर्मचारियों की शिकायत है कि कंपनी ने कर्मचारियों और इंटर्न से लगभग 15,000 रुपए की सुरक्षा जमा राशि ली थी। कंपनी का दावा था कि यह राशि आधिकारिक लैपटॉप और अन्य उपकरणों के लिए आवश्यक है। कर्मचारियों का कहना है कि शुरुआत में कंपनी समय पर वेतन और स्टाइपेंड देती थी, जिससे कर्मचारियों का भरोसा बना। लेकिन इस वर्ष जनवरी से भुगतान पूरी तरह बंद हो गया। कई कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि बाद में कंपनी ने बकाया वेतन के बदले चेक जारी किए, लेकिन उनमें से कई चेक बाउंस हो गए। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति को लेकर और गंभीर सवाल खड़े हो गए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच के हिस्से के रूप में कंपनी के अतिरिक्त वित्तीय रिकॉर्ड और लेनदेन से जुड़ी जानकारी की भी पड़ताल की जा रही है।

# भारत की ब्लू इकोनॉमी विकास के एक शक्तिशाली इंजन के रूप में उभर रही है: पीयूष गोयल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत की ब्लू इकोनॉमी (समुद्री अर्थव्यवस्था) तेजी से विकास का एक शक्तिशाली इंजन बनकर उभर रही है। इसकी प्रमुख वजह समुद्री खाद्य उत्पादों (सीफूड) के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी और वैश्विक बाजार में भारतीय समुद्री उत्पादों की बढ़ती मांग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के मछुआरों को अब बड़े बाजारों तक पहुंच और बढ़ते निर्यात अवसरों का लाभ मिल रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत के समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। पीयूष गोयल ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 की तुलना में समुद्री खाद्य निर्यात में लगभग 145 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, 'हमारे मछुआरों को नए बाजारों और बढ़ते निर्यात का लाभ मिल रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में समुद्री खाद्य निर्यात ने नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्त वर्ष 2013-14 से निर्यात में लगभग 145 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत की ब्लू इकोनॉमी विकास के एक शक्तिशाली इंजन के रूप में उभर रही है। ' इस बीच, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह उपलब्धि वैश्विक व्यापार में अनिश्चितताओं के बावजूद इस क्षेत्र की मजबूती को दर्शाती है और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत की स्थिति को और मजबूत बनाती है। समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत ने 19.72 लाख मीट्रिक टन समुद्री उत्पादों का निर्यात किया, जिसकी कुल कीमत 73,890 करोड़ रुपए (8.46 अरब डॉलर) रही। यह इस क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा निर्यात प्रदर्शन है। आंकड़ों की घोषणा करते हुए एमपीईडीए के चेयरमैन पी. जवाहर ने कहा कि यह रिकॉर्ड उपलब्धि वैश्विक बाजार में मांग के उतार-चढ़ाव और व्यापारिक अनिश्चितताओं जैसी कई चुनौतियों के बावजूद हासिल की गई है। भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में फ्रोजन झींगा का दबदबा बना रहा। कुल निर्यात आय का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा इसी उत्पाद से आया। फ्रोजन झींगा के निर्यात से 49,038 करोड़ रुपए (5.62 अरब डॉलर) की आय हुई, जो कुल समुद्री खाद्य निर्यात से होने वाली विदेशी मुद्रा आय का 66.5 प्रतिशत है। फ्रोजन झींगा का निर्यात बढ़कर 7.93 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया। इस उत्पाद का सबसे बड़ा खरीदार अमेरिका रहा, जबकि चीन और यूरोपीय संघ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मूल्य के लिहाज से अमेरिका भारत का सबसे बड़ा समुद्री खाद्य बाजार बना रहा। अमेरिका ने 2.33 अरब डॉलर मूल्य के भारतीय समुद्री उत्पादों का आयात किया।

# जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में डूबने से पांच बच्चों की मौत

**एजेंसी**
**मधुबनी।** बिहार के मधुबनी जिले में एक दर्दनाक हादसे में पांच बच्चों की जान चली गई। बिस्फी प्रखंड के केरवार गांव में नहाने गए बच्चों का एक समूह जेसीबी मशीन से खोदे गए पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूब गया। इस हादसे में पांच बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

पुलिस के अनुसार, बिस्फी थाना क्षेत्र स्थित केरवार गांव के सात बच्चे गांव के निकट बने एक बड़े गड्ढे में नहाने गए थे। नहाने के दौरान वे अचानक गहरे पानी में चले गए और एक-एक कर डूबने लगे। बच्चों को संकट में देख आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी बच्चों को पानी से बाहर निकाला। हालांकि, दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अन्य को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान तीन और बच्चों ने दम तोड़ दिया। इस प्रकार इस हृदयविदारक हादसे में कुल पांच बच्चों की जान चली गई। मृतकों की पहचान दिनेश पंडित की 12 वर्षीय पुत्री रिंकू कुमारी, 10 वर्षीय पुत्र बसंत पंडित,



छोटे पंडित के 14 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार, ललित पंडित की 14 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी तथा नुनु पंडित की 12 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी के रूप में हुई है। सभी बच्चे केरवार गांव के निवासी थे और आपस में रिश्तेदार भी बताए जा रहे हैं। गांव के पूर्व मुखिया शिव कुमार साव ने बताया कि जेसीबी मशीन से खोदे गए गहरे गड्ढे में पानी भरा हुआ था। बच्चों को उसकी गहराई का अंदाजा नहीं था, जिसके कारण वे हादसे का शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं, जिनकी उम्र 10 से 14 वर्ष के बीच थी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। बेनीपट्टी के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) शारंग पांडेय और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति का जायजा लिया तथा मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। एसडीएम ने बताया कि हादसे में पांच बच्चों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि दो अन्य बच्चों का अनुमंडल अस्पताल जयनगर में उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को आपदा राहत मद से चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान कर दी गई है। साथ ही पूरे मामले की जांच कराई जा रही है, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके। पूइस दुखद घटना के बाद प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में जलभराव वाले गड्ढों, तालाबों और अन्य खतरनाक जलस्रोतों के आसपास बच्चों को जाने से रोकें।

## गौशाला में छिपा 25 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

मुमन पत्रिका

जयपुर। राजस्थान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 'ऑपरेशन मदाशिवन' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वर्ष से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी मादक पदार्थ तस्कर को पंजाब के फिरोजपुर से गिरफ्तार किया है। एडीजी दिनेश एम.एन. के निर्देशन एवं आईजी विकास कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ टीम ने आरोपी सुनील कुमार निवासी श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फिरोजपुर की एक गौशाला में छिपकर रह रहा था और मोबाइल फोन का उपयोग भी नहीं करता था। पुलिस को आरोपी के घर से फिरोजपुर की एक पुरानी ट्रेन टिकट मिली, जिसके आधार पर टीम पंजाब पहुंची। स्थानीय लोगों से पूछताछ और फोटो पहचान के बाद आरोपी को एक गौशाला में ट्रैक किया गया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन करीब आधे घंटे की पीछा कार्रवाई के बाद उसे दबोच लिया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले की प्रतिमाओं का अनावरण

मुमन पत्रिका

बामनवास। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बाढ मोहनपुर में शनिवार, 6 जून को भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले एवं क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमाओं का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बामनवास विधायक एवं जिला अध्यक्ष इंदिरा मीणा करेंगी। आयोजन को लेकर क्षेत्रभर में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं भी पूरी कर ली गई हैं। कांग्रेस मीडिया प्रभारी अमन खान ने बताया कि कार्यक्रम शनिवार दोपहर 12 बजे ग्राम बाढ मोहनपुर में आयोजित होगा। विधायक इंदिरा मीणा ने कहा कि अशोक गहलोत के आगमन पर क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महापुरुषों की प्रतिमाओं का यह अनावरण समारोह सामाजिक समरसता एवं जागरूकता का संदेश देगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## शटर बंद, खिड़की चालू: रात 8 बजे बाद धड़ल्ले से बिक रही शराब




मुमन पत्रिका@ अशफाक अब्बासी

जयपुर। राजधानी जयपुर में नियमों को ताक पर रखकर देर रात तक शराब बिक्री का मामला सामने आया है। वीकेआई रोड, सीकर रोड स्थित अल्का टॉकीज के पास एक शराब की दुकान पर रात 8 बजे बाद शटर बंद कर छोटी खिड़की के जरिए अवैध रूप से शराब बेचे जाने का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार दुकान का शटर बंद होने के बावजूद अंदर से छोटी विंडो बनाकर ग्राहकों को शराब उपलब्ध कराई जा रही है। क्षेत्र से देर रात तक सैकड़ों राहगीरों का आवागमन रहता है, लेकिन इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करते हुए खुलेआम शराब बिक्री जारी है। पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल मामले को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि देर रात तक अवैध शराब बिक्री होने के बावजूद थाना क्षेत्र पुलिस और आबकारी विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। ऐसे में शराब ठेकेदारों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। समाज सेविका पूनम छाबड़ा ने जताया विरोध समाजसेविका पूनम छाबड़ा ने इस पूरे मामले का विरोध करते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन कर देर रात शराब बिक्री करना कानून व्यवस्था और सामाजिक माहौल दोनों के लिए गलत है। उन्होंने अवैध बिक्री पर तत्काल रोक लगाने एवं संबंधित शराब विक्रेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय में चला 'लोकतंत्र का पेड़' अभियान

मुमन पत्रिका@ सुंदीप कुमार

**बामनवास, सवाईमाधोपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय बामनवास में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा 'लोकतंत्र का पेड़' अभियान के तहत पौधारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों एवं क्लब सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी प्रो. धनराज मीणा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जागरूक मतदाता और सुरक्षित पर्यावरण दोनों जरूरी हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

# दहेज मुक्त निकाह बना मिसाल, सादगी से हुई डॉक्टर दूल्हे की शादी



मुमन पत्रिका@ सलीम खान

गंगापुर सिटी। मिर्जापुर स्थित हाजी जमील खान अब्बासी फार्म हाउस पर गुरुवार को एक दहेज मुक्त और सादगीपूर्ण निकाह संपन्न हुआ, जिसने समाज को सकारात्मक संदेश दिया। कारी यूसुफ साहब ने दोपहर 1 बजे निकाह पढ़ाया। समारोह में दूल्हे पक्ष से मात्र 15 बाराती और दुल्हन पक्ष से भी केवल 15 लोग शामिल हुए। लाखेरी सरकारी अस्पताल में कार्यरत डॉ. वसीम खान, निवासी केसोरायपाटन, साधारण टी-शर्ट और पैंट में निकाह समारोह में पहुंचे। उन्होंने बिना दिखावे और बिना दहेज के विवाह कर समाज के सामने मिसाल पेश की। दुल्हन आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से होने के बावजूद उच्च शिक्षित हैं। समारोह में अब्बासी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी जमील खान अब्बासी ने दूल्हे व दोनों परिवारों का साफा और माला पहनाकर सम्मान किया। उपस्थित लोगों ने इस निकाह को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ प्रेरणादायक पहल बताया।

# समर कैंप के बच्चों ने किया पौधारोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



मुमन पत्रिका

चौथ का बरवाड़ा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'म्हारो बरवाड़ो फाउंडेशन' द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन आत्मरक्षा एवं संस्कार शिविर में बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बसंती लाल सैनी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण पूरे समाज की जिम्मेदारी है और बच्चों में प्रकृति प्रेम के संस्कार भविष्य के लिए शुभ संकेत हैं। उन्होंने पौधों की देखभाल का भी संकल्प लेने की अपील की। इस दौरान बच्चों ने 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ' के नारे लगाए और पर्यावरण जागरूकता पोस्टर प्रदर्शित किए। कार्यक्रम के अंत में सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पॉलीथिन का उपयोग बंद करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राकेश शर्मा, मुकेश वर्मा, हंसराज मीणा, मनीष वर्मा, दामोदर वर्मा, शिक्षिका रिंकी महावर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नवजात बालिकाओं के जन्म पर वृक्षारोपण, ग्रीन कार्ड वितरित



मुमन पत्रिका

सवाई माधोपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा 'सृजन की सुरक्षा (ईको-फेमिनिज्म)' योजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आदलवाड़ा कलां में नवजात बालिकाओं के जन्म पर वृक्षारोपण एवं ग्रीन कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट एलएडीसी अक्षय राजावत ने कहा कि योजना का उद्देश्य बेटियों के जन्म को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर समाज में सकारात्मक संदेश देना है। उन्होंने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों में प्रत्येक नवजात बालिका के जन्म पर 11 पौधे लगाए जाएंगे तथा बालिकाओं को ग्रीन कार्ड के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में नवप्रसूता माताओं, ग्रामवासियों, पैनल अधिवक्ताओं एवं अधिकार मित्रों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया तथा बालिकाओं के परिजनों को पौधे वितरित किए गए। पैनल अधिवक्ता नन्दकिशोर बैरवा एवं तपेश जैन ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं बालिका सशक्तिकरण पर जानकारी दी।

# सोशल मीडिया पर फर्जी रेलवे भर्ती विज्ञापनों से सावधान रहने की अपील

मुमन पत्रिका

**कोटा।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे फर्जी रेलवे भर्ती विज्ञापनों से सावधान रहने की अपील की है। मंडल प्रशासन के अनुसार 'कोटा जंक्शन रेलवे स्टेशन भर्ती 2026' जैसे भ्रामक विज्ञापनों के जरिए बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि रेलवे में सभी भर्तियां केवल रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) एवं रेलवे भर्ती सेल (आरआरसी) के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के तहत की जाती हैं। रेलवे में किसी भी प्रकार की सीधी भर्ती, बिना परीक्षा नियुक्ति या पैसे लेकर नौकरी देने की कोई व्यवस्था नहीं है।

रेल प्रशासन ने युवाओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि भर्ती संबंधी जानकारी केवल रेलवे की आधिकारिक वेबसाइटों से ही प्राप्त करें तथा किसी भी संदिग्ध विज्ञापन की सूचना पुलिस या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें।

# बजट घोषणाओं और समर कंटीजेंसी प्लान की समीक्षा बैठक आयोजित :उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

मुमन पत्रिका



**अजमेर, 5 जून।** उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बजट घोषणाओं, समर कंटीजेंसी प्लान, वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान तथा जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर श्री लोक बंधु ने प्रभारी मंत्री को जिले में चल रहे विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं की वर्तमान प्रगति से अवगत कराया। प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि समर कंटीजेंसी प्लान के अंतर्गत जिले के पास पर्याप्त बजट उपलब्ध है। जल जीवन मिशन (जेजेएम) के कार्यों को गति देकर समय पर पूर्ण किया जाए। इससे आमजन को अविलंब राहत प्रदान की जा सकेगी। जिले में आवश्यकता होने पर टैंकरों के माध्यम से सुचारू पेयजल सप्लाई सुनिश्चित की जाए। हरिओम कॉलोनी, चंद्रवरदाई नगर, बोराज एवं हाथीखेड़ा क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई की तत्काल जांच करवाकर वहां की समस्याओं का स्थाई समाधान निकाला जाए। रूपनगढ़ सहित समस्त ग्रामीण क्षेत्रों से मिलने वाली पेयजल से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने मौसम में आ रहे बदलावों को देखते हुए बिजली आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। मौसम परिवर्तन के कारण किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित नहीं हो। जिले में बिजली के टूटे पोल एवं खराब ट्रांसफार्मर को तुरंत प्रभाव से बदला जाए। बिजली ट्रिपिंग की समस्या को रोका जाए, क्योंकि ट्रिपिंग होने से पेयजल उत्पादन और सप्लाई व्यवस्था पर भी सीधा विपरीत असर पड़ता है। इसके साथ ही आरएसआरडीसी के माध्यम से जिले में निर्माणाधीन विभिन्न रेलवे पुलों के कार्यों की गति को बढ़ाया जाए। आगामी मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मानसून पूर्व तैयारियां समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की समस्या वाले स्थानों को चिन्हित कर मानसून के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। जल निकासी के लिए पर्याप्त संख्या में मड पंप उपलब्ध होने चाहिए। अतिरिक्त मड पंपों की व्यवस्था रखी जाए। इससे जल भराव की स्थिति में एक साथ कई स्थानों से पानी निकाला जा सकेगा। शहर के छोटे-बड़े नालों की सफाई का कार्य मानसून आने से पहले ही पूर्ण कर लिया जाए। नाले निर्माण के प्रगतिरत कार्यों को गति देकर समय पर पूरा करें। आनासागर झील के ओवरफ्लो होने की स्थिति में किसी भी कॉलोनी में जल भराव नहीं होना चाहिए। इसके लिए तकनीकी रूप से पुख्ता इंतजाम किए जाएं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले में 35 लाख से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पौधारोपण के बाद जन-सहभागिता के माध्यम से इन पौधों की उचित देखभाल सुनिश्चित की जाए। उत्तरजीविता को बेहतर करने के लिए बड़े साइज के पौधे लगाने और स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारी आमजन को केंद्र में रखकर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लंबित पड़े आवेदन पत्रों का समय पर निस्तारण कर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत स्वीकृत किए गए विभिन्न चिकित्सा और स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के लिए भूमि की उपलब्धता को जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के अंतर्गत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो-दो रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि घर-घर से संग्रहित किए जाने वाले कचरे के प्रसंस्करण का कार्य तुरंत आरंभ किया जाए। राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए निवेश प्रक्रियाओं को तेज किया जाए। पंच गौरव के माध्यम से विभिन्न स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

बैठक में योजनाओं के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए जो भी निर्णय लिए गए हैं, उन पर आज से ही धरातल पर त्वरित कार्यवाई आरंभ कर दी जाए। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत , अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, श्री देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता गेना, जिला पुलिस अधीक्षक हर्ष वर्धन अगरवाला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश, जिला अध्यक्ष जीतमल प्रजापत एवं रमेश सोनी, अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेन्द्र कुमार मीणा, प्रशिक्षु आईएएस अर्णव आनन्द गुप्ता, मुख्य वन संरक्षक पी. मुरगन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका की समस्याओं को लेकर भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

मुमन पत्रिका@सुदीप कुमार



बामनवास। नगर पालिका क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संतोष मीणा को ज्ञापन सौंपा। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मनीष बामनवास के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण कराने, कई मार्गों पर सीसी एवं ग्रेवल सड़कें बनवाने की मांग की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास स्वीकृत कर पहली किस्त जारी करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में मनरेगा योजना के तहत ध्याह वाले तालाब की क्षतिग्रस्त पाल की मरम्मत करवाने की मांग करते हुए कहा गया कि इससे आमजन को राहत मिलेगी तथा बरसात के मौसम में होने वाली परेशानी से बचाव हो सकेगा। इस अवसर पर विजय सिंह मीणा, लोकेश कुमार मीणा सहित कई युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण, पक्षियों के लिए बांधे परिण्डे

मुमन पत्रिका



सवाई माधोपुर । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में एडीआर सेंटर एवं जिला न्यायालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर शपथ ग्रहण, परिण्डे बांधने एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री देवेन्द्र दीक्षित ने की। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एडीआर स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण, जल बचत, प्लास्टिक उपयोग कम करने एवं अधिकाधिक पौधारोपण की शपथ दिलाई गई। इसके बाद न्यायिक अधिकारियों ने गर्मी में पक्षियों के लिए परिण्डे बांधे तथा न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मीनाक्षी जैन, प्रेमराज सिंह चन्द्रावत, डॉ. प्रियंका पारीक, मयंक पालीवाल, गार्गी चौधरी एवं अनिता रजवानियां सहित कई न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर देवेन्द्र दीक्षित ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। वहीं मयंक पालीवाल ने जल संरक्षण, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण को पर्यावरण बचाने का प्रभावी माध्यम बताया।

# बौंली महाविद्यालय बना हरियाली की मिसाल, दो वर्षों में बंजर से हरित परिसर में बदला स्वरूप

मुमन पत्रिका@दीपक गिरी




बौंली, सवाई माधोपुर 7 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बौंली का राजकीय महाविद्यालय पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है। मात्र दो वर्ष पहले तक जहां पूरा परिसर बंजर था और केवल एक नीम का पौधा मौजूद था, वहीं आज यह परिसर हजारों पौधों से सुसज्जित होकर 'हरियालो राजस्थान' की मिसाल बन गया है। महाविद्यालय 1 जून 2024 को अपने नए भवन में स्थानांतरित हुआ था। उस समय लगभग 2.03 हेक्टेयर क्षेत्र में हरियाली लगभग नगण्य थी। प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद्र मीणा ने परिसर को हराभरा बनाने का संकल्प लेते हुए वर्षा ऋतु में करीब एक हजार पौधे लगवाए और सिंचाई के लिए पूरे परिसर में पाइपलाइन व्यवस्था करवाई। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों तथा होमगार्ड कर्मियों ने पौधों की देखभाल में लगातार सहयोग किया। वहीं स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों और भामाशाह प्रहलाद सैनी ने भी इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्तमान में परिसर में लगभग 200 नीम, 70 शीशम, 50 आंवला, 30 नींबू, 30 जामुन सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे विकसित हो चुके हैं। साथ ही 100म100 फीट का सुंदर हरित उद्यान भी तैयार किया गया है, जो विद्यार्थियों और आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद्र मीणा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक निरंतर प्रक्रिया है और महाविद्यालय का लक्ष्य परिसर को और अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है। दो वर्षों में हुआ यह परिवर्तन क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनकर यह संदेश दे रहा है कि सामूहिक प्रयासों से किसी भी बंजर भूमि को हरियाली में बदला जा सकता है।

# अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई, जुगाड़ वाहन जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

मुमन पत्रिका@राशिद खान





**मलारना डूंगर।** जिला पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशन में जिलेभर में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान मलारना डूंगर थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन में प्रयुक्त एक जुगाड़ (किसान बुग्गा) वाहन को जब्त कर आरोपी जुगाड़ चालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल बनवारी लाल,कांस्टेबल विनोद और दिलीप की टीम ने बनास नदी से अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते एक जुगाड़ को भूखा मोड़ पर रुकवाया। जांच करने पर जुगाड़ में अवैध बजरी भरी हुई थी चालक के द्वारा पुलिस से बचने के लिए बजरी को कपड़ों से ढककर अवैध तरीके से बजरी का परिवहन किया जा रहा था। इस पर पुलिस ने बजरी से भरे जुगाड़ वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अशोक कुमार सैनी (22) पुत्र लटूर सैनी, निवासी नन्दपुरा, थाना सदर गंगापुर सिटी को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ बजरी चोरी सहित एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और मामले की जांच शुरू कर दी।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का भव्य समापन

मुमन पत्रिका



अजमेर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुढ़ा पुष्कर में आयोजित समारोह के साथ वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने श्रमदान, सरोवर पूजन, पीपल पूजन और वृक्षारोपण कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आमजन की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान पूरे प्रदेश में जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। साथ ही पुष्कर क्षेत्र में 45 करोड़ रुपये की लागत से अस्पताल निर्माण एवं घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए अतिरिक्त राशि स्वीकृत होने की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला कलक्टर लोक बंधु, जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाला सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने पौधा लगाकर की 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत



मुमन पत्रिका

सवाई माधोपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने शुक्रवार को अपने निवास पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत भी की। भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष ने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। मानसिंह गुर्जर ने कहा कि वृक्ष प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद अटल एवं पार्षद ओमी कटारिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जलदाय मंत्री ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश



मुमन पत्रिका@ विनोद सांखला

टोंक। विश्व पर्यावरण दिवस एवं वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान के समापन अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने विकास के साथ प्रकृति संरक्षण पर जोर दिया। शुक्रवार को मालपुरा के घाटी रोड स्थित नगर वन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रकृति हमें जल, मिट्टी, शुद्ध हवा और भोजन उपलब्ध कराती है, इसलिए उसका संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। मंत्री चौधरी ने आमजन से जैविक खेती अपनाने, जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने एवं अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं बल्कि आमजन की सक्रिय भागीदारी से संभव है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने नगर वन में पौधारोपण किया, पेड़ों पर परिंडे बांधे तथा कपड़े के बैग वितरित कर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मीना, उप वन संरक्षक वीरेन्द्र कृष्णियां, उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

बिटकॉइन में पैसा डबल करने का झांसा, साइबर ठग गिरफ्तार

# फर्जी बिल भेजकर लोगों से करता था ठगी, ज्यादा सवाल करने वालों को कर देता था ब्लॉक

मुमन पत्रिका

**सवाई माधोपुर।** पुलिस थाना कोतवाली सवाई माधोपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को बिटकॉइन और ट्रेडिंग में पैसा निवेश कर रकम डबल करने का झांसा देता था तथा फर्जी बिल भेजकर विश्वास में लेकर ठगी करता था। पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर सुश्री ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक उदय सिंह मीणा के सुपरविजन में थाना प्रभारी मदनलाल मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी गोलू मीणा को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 203/26 में बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं आईटी एक्ट की धारा 66-डी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार साइबर सेल से प्राप्त मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी को गांव डेकवा से हिरासत में लिया गया। आरोपी के मोबाइल की जांच में टेलीग्राम और अन्य एप्स पर बिटकॉइन एवं ट्रेडिंग के नाम से कई चैनल संचालित करना सामने आया। इन चैनलों के जरिए आरोपी अनजान लोगों से संपर्क कर उन्हें निवेश पर रकम डबल होने का लालच देता था। आरोपी लोगों को अलग-अलग इन्वेस्टमेंट प्लान भेजकर एडवांस राशि ऑनलाइन स्कैनर और पेमेंट एप्लीकेशन के माध्यम से वसूलता था। रकम मिलने के बाद जीएसटी और अतिरिक्त चार्ज के नाम पर और पैसे मांगता था। जब निवेशक अपने मुनाफे की राशि वापस मांगते तो आरोपी जवाब देना बंद कर देता और ज्यादा दबाव बनाने पर व्हाट्सएप पर ब्लॉक कर देता था।

